# राजस्थान समसामयिकी अक्टूबर, 2025

संजीव Telegram, App एवं वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान की आर्थिक समीक्षा एवं बजट का सार संग्रह;
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप
Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राजस्थान समसामयिकी अक्टूबर, 2025
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 4 October, 2025

■ **जयपुर विकास प्राधिकरण (JPA) का दायरा 3 हजार वर्ग किमी. से बढ़ाकर 7 हजार वर्ग किमी. किया गया; राज्य सरकार की अधिसूचनानुसार 17 तहसील, 4 नगरपालिकाओं के 693 राजस्व गाँव जेडीए रीजन के दायरे में शामिल किए गए–**

हाल ही में राज्य सरकार ने जेडीए का दायरा बढ़ा दिया है। नए मास्टर प्लान के हिसाब से डवलपमेंट करने के लिए एरिया 3 हजार वर्ग किमी से अब करीब 7 हजार वर्ग किमी तक बढ़ गया है।

राज्य सरकार की अधिसूचना के अनुसार 17 तहसील, 4 नगरपालिकाओं के 693 नए राजस्व गाँव जेडीए रीजन के दायरे में शामिल किए हैं। अभी 725 गाँव शामिल थे, अब विराटनगर, दूदू, फागी, शाहपुरा, जमवारामगढ़, चाकसू, बस्सी, जोबनेर, माधोराजपुरा, कोटखावदा, जालसू, तूंगा, कोटखावदा, फुलेरा, आंधी, मौजमाबाद तहसील के इन गाँवों को विकसित करने में जेडीए के नियम कायदे चलेंगे।

**तहसीलवार कितने गाँव शामिल**

| | | | |
|---|---|---|---|
| बस्सी | 86 | फागी | 41 |
| चाकसू | 58 | शाहपुरा | 54 |
| जमवारामगढ़ | 58 | तूंगा | 25 |
| माधोराजपुरा | 48 | फुलेरा | 4 |
| चौमूं | 54 | किशनगढ़-रेनवाल | 4 |
| सांगानेर | 10 | आंधी | 36 |
| जालसू | 51 | दूदू | 6 |
| जोबनेर | 43 | विराटनगर | 9 |
| कोटखावदा | 14 | मौजमाबाद | 50 |

## Newspaper of 7 October, 2025

■ **राज्य में धर्म परिवर्तन रोकने वाले विधेयक को राज्यपाल की मंजूरी मिली, जल्द बनेगा कानून–**

धर्म परिवर्तन को रोकने के संबंध में 9 सितंबर 2025 को विधेयक पारित करवाया, जिसे राज्यपाल ने मंजूरी दे दी। अब यह कानून का रूप ले लेगा।

**विधेयक में यह प्रावधान–**

- दूसरे धर्म में शादी के लिए कलक्टर को 90 दिन पहले सूचना देना जरूरी
- अवैध धर्मान्तरण पर 7 से 14 साल सजा व 5 लाख जुर्माना, व्यक्ति नाबालिक, दिव्यांग, महिला, एससी-एसटी वर्ग का होने पर 10 से 20 साल तक सजा व 10 लाख जुर्माना।
- सामूहिक धर्म परिवर्तन पर 20 साल से उम्रकैद तक सजा, 25 लाख जुर्माना।
- जबरन धर्म परिवर्तन गैर जमानती अपराध।
- अवैध धर्म परिवर्तन में शामिल संस्थाओं का रजिस्ट्रेशन रद्द होगा, एक करोड़ रुपए तक जुर्माना लगेगा।
- सामूहिक धर्म परिवर्तन वाले निर्माण स्थल को प्रशासन ध्वस्त करेगा।

■ **बीकानेर स्थित महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में भारत-रूस संयुक्त सैन्य अभ्यास 'इन्द्र-2025' शुरू हुआ–**

6 अक्टूबर, 2025 को बीकानेर स्थित पश्चिमी राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग भारत और रूस के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'इंद्र-2025' की भव्य शुरुआत हुई है। यह युद्धाभ्यास दोनों देशों के बीच सामरिक सहयोग और रक्षा साझेदारी में महत्त्वपूर्ण कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। इसमें आतंकवाद रोधी ऑपरेशनों पर मुख्य फोकस रखा जाएगा। इस सैन्य अभ्यास में दोनों देशों के सैनिक सामरिक समन्वय को मजबूत करने पर जोर देंगे।

## Newspaper of 8 October, 2025

■ **ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए सार्जेंट सुरेन्द्र मोगा को वायु सेना पदक मिला; वीरांगना सीमा मोगा ने लिया सम्मान–**

वायु सेना दिवस के अवसर पर गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर आयोजित समारोह में भारतीय वायुसेना अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने झुंझुनूं जिले के मेहरदासी गांव निवासी शहीद सार्जेंट सुरेन्द्र मोगा को वायु सेना मेडल (गैलंट्री) से सम्मानित किया। यह सम्मान वीरांगना सीमा मोगा ने ग्रहण किया। सार्जेंट सुरेन्द्र मोगा ने ऑपरेशन सिंदूर के

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

दौरान असाधारण साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए मातृभूमि की रक्षा के लिए बलिदान दिया था। इसके लिए वायु सेना ने उन्हें वीरता पुरस्कार से अलंकृत किया।

## Newspaper of 9 October, 2025

■ **प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में राजस्थान पहले नंबर पर रहा; एक माह में 85.36% नामांकन, 74.12% को भुगतान–**

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में अच्छा काम करने पर प्रदेश को पहला स्थान मिला है। सितंबर माह में रैंकिंग में देशभर के बड़े राज्यों में राजस्थान पहले नंबर पर आया है। जबकि दूसरे स्थान पर कर्नाटक और तीसरे स्थान पर मध्यप्रदेश है।

मध्यम श्रेणी के राज्यों में जम्मू-कश्मीर और छोटे राज्यों में छत्तीसगढ़ पहले स्थान पर है। प्रदेश में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत वर्ष 2023-24 से अब तक 16 लाख से अधिक लाभार्थियों को 552 करोड़ रुपए की सहायता डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से खातों में ट्रांसफर की गई। योजना के तहत मासिक लक्ष्य 36 हजार लाभार्थियों को लाभ पहुँचाना रखा गया।

समेकित बाल विकास सेवा विभाग ने लक्ष्य के मुकाबले 85.36 प्रतिशत नामांकन किया, जिसमें से 74.12 प्रतिशत लाभार्थियों को डीबीटी के तहत भुगतान किया गया। इसमें 83 प्रतिशत लाभार्थियों को 30 दिन में भुगतान किया गया।

## Newspaper of 12 October, 2025

■ **प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना–**

केन्द्र सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र की दो योजनाओं-'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' और 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' की शुरुआत की है। इनका शुभारम्भ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नई दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित विशेष कृषि कार्यक्रम में 11 अक्टूबर, 2025 को किया गया।

**योजना में व्यय राशि–**

- प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना = ₹ 24 हजार करोड़
- दलहन आत्मनिर्भरता मिशन : ₹ 11,440 करोड़

देश के 100 कृषि जिले (कम उत्पादकता, मध्यम फसल तीव्रता एवं औसत से कम ऋण उपलब्धता के आधार पर) योजनान्तर्गत चुने गए, जिसमें राजस्थान के 10 कृषि जिले शामिल किए गए।

## Newspaper of 14 October, 2025

■ **गुलाब कोठारी को राष्ट्र चेतना पुरस्कार से सम्मानित किया गया–**

हाल ही में ब्रह्माकुमारीज संस्थान ने पत्रिका समूह के प्रधान संपादक डॉ. गुलाब कोठारी को 'राष्ट्र चेतना पुरस्कार' से सम्मानित किया है। दैनिक भास्कर समूह के नेशनल एडिटर ओम गौड़ को भी 'राष्ट्रीय चेतना पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। (पत्रकारिता द्वारा समाज में सकारात्मक प्रसार और 'नो नेगेटिव न्यूज' के प्रकाशन के लिए)

उन्हें यह पुरस्कार ब्रह्माकुमारीज संस्थान के अन्तरराष्ट्रीय मुख्यालय शांतिवन में आयोजित 'वैश्विक शिखर सम्मेलन' (10-13 अक्टूबर, 2025) में प्रदान किया गया।

इस सम्मेलन का विषय 'वसुधैव कुटुम्बकम की संस्कृति का पुनरूद्धार' रहा।

■ **राजीविका और भारतीय शिल्प एवं डिजाइन संस्थान के बीच एमओयू–**

13 अक्टूबर, 2025 को 'उन्नति इन्क्यूबेशन हब' के तहत, राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका) ने भारतीय शिल्प एवं डिजाइन संस्थान (IICD), जयपुर के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए। इस सहयोग का उद्देश्य ग्रामीण और स्व-सहायता समूह (SHG) से जुड़ी महिला कारीगरों के हस्तशिल्प आधारित आजीविका को सशक्त बनाना है।

## Newspaper of 16 October, 2025

■ **राजस्थान केसरी का खिताब जीतने वाले खिलाड़ियों को अब प्रतिमाह 10 हजार रुपए पेंशन मिलेंगी–**

राजस्थान केसरी कुश्ती दंगल का समापन समारोह कोटा में किया गया। पहली बार फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला कुश्ती का आयोजन एक साथ हो रहा है। विभिन्न खेलों के माध्यम से खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलता है। मेलों के माध्यम से समाज का परस्पर जुड़ाव होता है।

राजस्थान केसरी का खिताब जीतने वाले खिलाड़ियों को अब प्रतिमाह 10 हजार रुपए पेंशन मिलेगी।

■ **राज्य पर्यटन मंत्रियों की बैठक उदयपुर में आयोजित हुई–**

14-15 अक्टूबर, 2025 को उदयपुर में राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों (यूटी) के पर्यटन मंत्रियों की बैठक आयोजित हुई। इसका आयोजन केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय ने किया। बैठक का दृष्टिकोण-एक राज्य: एक वैश्विक गंतव्य के

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

दृष्टिकोण को बढ़ावा देना रहा। अत: मुख्य उद्देश्य 'विकसित भारत' रोडमैप के हिस्से के रूप में प्रत्येक राज्य और केन्द्रशासित प्रदेश में कम से कम एक विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल विकसित करने के लिए एक सामूहिक रोडमैप तैयार करना है।

**Newspaper of 17 October, 2025**

### ■ कृषिमंत्री ने ऑर्गेनिक मार्केट और 'कृषि ज्ञान धारा 2.0' का प्रमोचन किया–

16 अक्टूबर, 2025 को कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने दुर्गापुरा, जयपुर में ऑर्गेनिक फूड मार्केट का उद्घाटन किया और 'कृषि ज्ञान धारा 2.0' कार्यक्रम का प्रमोचन किया। इसका उद्देश्य जैविक उत्पादों के प्रचार-प्रसार और सोशल मीडिया के माध्यम से किसानों तक उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी पहुँचाना है।

### ■ अगले 22 साल में राज्य की अर्थव्यवस्था होगी 22 गुना; विकसित राजस्थान-2047 डॉक्यूमेंट–

आजादी के 100वें साल यानी 2047 तक के 22 वर्ष के सफर तय कर प्रदेश की अर्थव्यवस्था 22 गुना बढ़कर 4.3 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी। विश्वविद्यालय 95 से बढ़कर 150 और एमबीए संस्थान 48 से बढ़कर हो जाएंगे।

अभी युवा शिक्षा के लिए विदेश जाते हैं, लेकिन 22 वर्ष बाद यहाँ 5000 विदेशी युवाओं को उच्च शिक्षा देने लायक संसाधन होंगे। स्वास्थ्य सुविधाओं में देश शीर्ष पर होंगे तो सभी स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम होंगे। सरकार की ओर से जारी 'विकसित राजस्थान-2047' डॉक्यूमेंट में यह विजन दिखाया गया है। इस डॉक्यूमेंट के पीडीएफ फॉर्मेट का लिंक राज्य सरकार की सभी वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया गया। विकास की गति में निरंतरता बनाए रखने के लिए वर्ष 2030, 2035, 2040 और 2047 के लक्ष्य तय किए गए हैं, जिससे मॉनिटरिंग हो सके। इसके लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी बनाई गई है।

**ऐसे होंगे विकसित–**

**थीम**–गरीब, युवा, महिला और किसानों का सशक्तीकरण।

**संकल्प**–सशक्त नागरिक, सतत विकास और पारदर्शी शासन।

**सपना**–विकास, विश्वस्तरीय सुविधा, पर्यावरण संरक्षण, पारदर्शी शासन और नागरिक सशक्तीकरण में हो सबसे आगे।

**आधार**–समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और नागरिकों की आकांक्षाएँ पूरी हों।

**लक्ष्य**–पूर्ण साक्षरता, कौशल शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच, जलवायु संतुलन-जल प्रबंधन, स्मार्ट शहरीकरण और सभी को आवास।

**हर क्षेत्र में अग्रणी बनने का लक्ष्य–**

**अर्थव्यवस्था**–4.3 ट्रिलियन डॉलर

**कृषि उत्पादन**–40 प्रतिशत वृद्धि

**मातृ मृत्यु दर**–15

**शिशु मृत्यु दर**–प्रति हजार जीवित जन्मों पर 10 से कम

**औसत आयु**–77 वर्ष

**विजन की थीम–**

- कृषि-खाद्य प्रणाली, स्वास्थ्य, शिक्षा और जन भागीदारी के माध्यम से जनकल्याण और सामाजिक सशक्तीकरण।
- औद्योगिक, खनन और पर्यटन के जरिए विकास और समृद्धि को गति, रोजगार के अवसरों में वृद्धि।
- आधारभूत ढांचा, जल प्रबंधन और जलवायु संतुलन को प्राथमिकता देकर खोली जाएगी तरक्की की राह।
- ग्रामीण व शहरी विकास, प्रभावी शासन, डिजिटल सेवा व वित्तीय प्रबंधन मजबूत कर बनेंगी नीतियाँ।

### ■ ट्रेन में कंबल के साथ मिलेगा सांगानेर-बगरू प्रिंटेड कवर; रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जयपुर असरवा ट्रेन से शुरुआत की–

रेलवे में स्वच्छता और गुणवता सुधार की दिशा में लगातार नवाचार किए जा रहे है। 16 अक्टूबर, 2025 को केन्द्रीय रेल, सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जयपुर के खातीपुरा रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिहाज से ट्रेन में एसी कोच में सांगानेर-बगरू प्रिंटेड कंबल कवर देने की शुरुआत की। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर सबसे पहले जयपुर-असरवा (अहमदाबाद) ट्रेन के एसी श्रेणी में यह सुविधा शुरू हुई है।

### ■ राष्ट्रीय पोषण माह-2025 में राजस्थान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया–

राष्ट्रीय पोषण माह-2025 देशभर में 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर, 2025 तक मनाया गया। राजस्थान ने राष्ट्रीय पोषण माह-2025 में देशभर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। राजस्थान ने निर्धारित 81,01,730 लक्ष्यों के मुकाबले 88,93,346 उपलब्धियाँ दर्ज कीं, जिससे उपलब्धि दर 114.12% रही।

राज्य में जोधपुर जिले ने 134.9% की उपलब्धि दर के साथ पहला स्थान हासिल किया। कोटा, बीकानेर, चूरू और हनुमानगढ़ जिलों ने 125% से अधिक का लक्ष्य पूरा किया। राष्ट्रीय स्तर पर गुजरात 115.74% के साथ प्रथम, राजस्थान

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

114.12% के साथ द्वितीय और छत्तीसगढ़ 108.30% के साथ तृतीय स्थान पर रहा।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान, राष्ट्रीय पोषण, पखवाड़ा और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में पहले स्थान पर रहा है।

## Newspaper of 18 October, 2025

- **धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में राजस्थान देशभर में प्रथम रहा–**

17 अक्टूबर, 2025 को केन्द्र सरकार के 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' (DAJGUA) में राजस्थान ने देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

अभियान में राजस्थान की उपलब्धि के तहत जनजाति बहुल क्षेत्रों में विकास कार्य व सरकारी सेवाओं की समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने, शिकायत निवारण प्रणाली को पूर्ण प्रभावी बनाने और जनजाति वर्ग के अधिकारों की अक्षरश: पालना, उनके कल्याण और उत्थान के मामले में राजस्थान देश में नम्बर 1 पर है।

- **मुख्यमंत्री ने राजस्थान दुकान एवं वाणिज्य संस्थान (संशोधन) अध्यादेश, 2025 को मंजूरी दी–**

अक्टूबर, 2025 में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'राजस्थान दुकान एवं वाणिज्य संस्थान (संशोधन) अध्यादेश, 2025' का अनुमोदन कर दिया है। इसका उद्देश्य राज्य में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देना, श्रमिकों के कल्याण और सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा बाल श्रम पर प्रभावी रोक लगाना।

**अध्यादेश के मुख्य प्रावधान निम्न हैं–**

**बाल श्रम पर प्रतिबंध**–कम उम्र के बच्चों को दुकानों और वाणिज्य संस्थानों में नियोजित नहीं किया जा सकेगा। प्रशिक्षु की न्यूनतम उम्र अब 12 वर्ष के स्थान पर 14 वर्ष अनिवार्य की गई है।

## Newspaper of 19 October, 2025

- **राजस्थान के राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागड़े ने प्रदेश के सात (7) विश्वविद्यालयों में कुलगुरु नियुक्त किए–**

18 अक्टूबर, 2025 को राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने आदेश जारी कर प्रदेश के 7 विश्वविद्यालयों में कुलगुरु नियुक्त किए है। राज्यपाल ने कृषि विवि, कोटा में डॉ. विमला डूंकवाल, कृषि विवि जोधपुर में डॉ.वीरेंद्र सिंह जैतावत, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विधि जोबनेर में प्रो. पुष्पेंद्र सिंह चौहान को नियुक्त किया है। महाराणा प्रताप कृषि एवं इसी प्रकार प्रौद्योगिकी विवि उदयपुर में डॉ. प्रताप सिंह, जय नारायण व्यास विवि जोधपुर में प्रो. पवन कुमार शर्मा, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद विधि जोधपुर में प्रो. गोविंद सहाय शुक्ला तथा राजस्थान तकनीकी विधि कोटा में प्रो. निमित रंजन चौधरी को कुलगुरु पद पर नियुक्त किया है।

**विभिन्न विश्वविद्यालयों में नियुक्त किए गए कुलगुरु एक नजर में–**

| नाम कुलगुरु | विवरण |
|---|---|
| डॉ. विमला डूकवाल | – कृषि विवि. कोटा में कुलगुरु बनाई डॉ. विमला डूकवाल बीकानेर के स्वामी केशवानंद कृषि विवि के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की डीन रह चुकी है। |
| डॉ. वीरेन्द्र सिंह | – कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर में कुलगुरु नियुक्त किए गए डॉ. वीरेंद्र सिंह जैतावत इसी विश्व-विद्यालय में प्रोफेसर पद पर रह चुके है। |
| प्रो. पुष्पेन्द्र सिंह | – श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के कुलगुरु प्रो. पुष्पेन्द्र सिंह चौहान गुजरात स्थित जूनागढ़ विश्वविद्यालय में प्रोफेसर रहे हैं। |
| डॉ. प्रताप सिंह | – महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि, उदयपुर के कुलगुरु डॉ. प्रताप सिंह पूर्व में कोटा कृषि विवि. के निदेशक (विस्तार) रहे है। |
| प्रो. पवन कुमार | – जेएनवी विवि, जोधपुर के कुलगुरु प्रो. पवन कुमार कोटा स्थित वीएमओयू के मैनेजमेंट स्कूल के निदेशक है और पूर्व में मैनेजमेंट स्कूल के प्रभारी रह चुके हैं। |
| प्रो. गोविंद सहाय | – डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद विवि. जोधपुर के कुलगुरु प्रो. गोविन्द सहाय शुक्ला इसी विधि के रसायन-शास्त्र विभाग के प्रभारी रहे है। |
| प्रो. निमित रंजन | – राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा के कुलगुरु प्रो. निमित रंजन चौधरी जामिया मिलिया विश्वविद्यालय के पर्यटन विभाग के प्रोफेसर रहे हैं। |

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

■ **राज्य के नीमराणा के घीलोठ में 33,000 यूनिट्स उत्पादन क्षमता का इलेक्ट्रिक बसों के निर्माण का प्लांट बनेगा–**

राजस्थान अब इलेक्ट्रिक बसों के निर्माण का भी केन्द्र बनेगा। इसकी शुरुआत नीमराणा के घिलोठ से होगी। प्रति वर्ष 33000 यूनिट्स उत्पादन क्षमता का प्लांट बनेगा। ईवी बसों के अलावा बस बॉडी, बैटरी, मोटर, वायर हार्नेस, का निर्माण होगा। साथ ही स्पेयर पार्ट डिवीजन भी बनेंगे। कंपनी यहाँ शुरुआत में 1200 करोड़ का निवेश करेगी। दावा किया जा रहा है कि इससे राज्य में 500 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा। यह राज्य में इलेक्ट्रिक बस उत्पादन की पहली इकाई होगी। राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट में एक निजी कंपनी पीएमआई इलेक्ट्रो मोबिलिटी सॉल्यूशंस ने एमओयू किया था। ई-ऑक्शन में 208 करोड़ रुपए में 65.56 एकड़ जमीन का आवंटन किया गया।

**पहले वर्ष 40 प्रतिशत क्षमता के साथ उत्पादन–**

प्लांट की वार्षिक उत्पादन क्षमता 33000 यूनिट होगी। इसमें 15000 ईवी बसें, 6000 मीडियम कमर्शियल वाहन और 12000 लाइट कमर्शियल वाहन शामिल होंगे। पहले साल कंपनी 40 प्रतिशत क्षमता के साथ उत्पादन शुरू करेगी और छह साल में अपनी पूरी क्षमता तक पहुँच जाएगी। पहले वर्ष में कंपनी का अनुमानित टर्नओवर 6180 करोड़ रुपए रहेगा, जो छठे वर्ष में बढ़कर 15450 करोड़ रुपए तक पहुँचने का अनुमान है।

■ **मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की किस्त जारी–**

18 अक्टूबर, 2025 को मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की चौथी किस्त के रूप में ₹ 717.96 करोड़ की राशि नदबई (भरतपुर) में आयोजित राज्य-स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा किसानों के खातों में हस्तांतरित की गई। इस किश्त में प्रत्येक किसान को ₹ 1000 प्रदान किए गए। यह योजना 30 जून, 2024 को शुरू हुई, जिसमें केन्द्र की ₹ 6000 वार्षिक सहायता को बढ़ाकर ₹ 8000 किया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 से इसे ₹ 9000 प्रतिवर्ष करने की घोषणा की गई।

## Newspaper of 22 October, 2025

■ **'नव विधान-न्याय की पहचान' प्रदर्शनी का आयोजन किया गया–**

14 से 21 अक्टूबर, 2025 तक जयपुर में राजस्थान पुलिस द्वारा नवीन आपराधिक कानूनों के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जयपुर के जेईसीसी, सीतापुरा में 'नव विधान-न्याय की पहचान' प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन 13 अक्टूबर, 2025 को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने किया। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य आम जनता को नए आपराधिक कानूनों के तहत अपराध रिपोर्टिंग से लेकर अंतिम न्यायिक निर्णय तक की पूरी न्यायिक प्रणाली को लाइव डेमो के माध्यम से सरल तरीके से समझाना था।

## Newspaper of 23 October, 2025

■ **पुलिस विभाग में दो नए पदों का सृजन–**

22 अक्टूबर, 2025 को राजस्थान के पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल करते हुए राज्य सरकार ने 34 आईपीएस की तबादला सूची जारी की।

सरकार ने दिल्ली-मुंबई जैसे महानगरों की तर्ज पर स्पेशल पुलिस कमिशनर ऑपरेशन्स और डीजी ऑपरेशंस के नए पदों का सृजन किया है। जयपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश (2006 बैच के आईपीएस) को स्पेशल कमिशनर ऑपरेशंस का पदभार दिया गया है, जबकि आनंद श्रीवास्तव (1994 बैच के आईपीएस) को डीजी स्पेशल ऑपरेशंस की जिम्मेदारी दी गई है।

## Newspaper of 24 October, 2025

■ **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जैसलमेर में शौर्यवन का उद्घाटन किया–**

23 अक्टूबर, 2025 को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जैसलमेर में शौर्य वन का उद्घाटन किया। सेना द्वारा विकसित किए जा रहे इस शौर्य वन में विभिन्न प्रकार के पौधे एवं वनस्पति लगाई गई हैं। इसके साथ ही वॉर म्यूजियम में रक्षा मंत्री ने आर्मी में बड़ा खाना में शामिल होकर सेना के जवानों को संबोधित किया।

## Newspaper of 25 October, 2025

■ **अब निजी स्कूलों की बालिकाएँ भी 'लाडो योजना' से जुड़ेगी; मान्यता प्राप्त निजी स्कूल की छात्राएँ होंगी लाभान्वित–**

राज्य सरकार की महत्त्वाकांक्षी 'लाडो प्रोत्साहन योजना' अब केवल राजकीय विद्यालयों की छात्राओं तक सीमित नहीं रहेगी। मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं को भी इस योजना का लाभ मिलेगा। इसके लिए महिला अधिकारिता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिलास्तरीय आमुखीकरण कार्यशाला

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

आयोजित की जाएगी। इस योजना के तहत उन बालिकाओं को कुल 1.5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है, जिनका जन्म सरकारी या सरकार से अधिकृत चिकित्सा संस्थान में हुआ हो। यह राशि 7 किश्तों में सीधे बैंक खाते में जमा कराई जाती है। शैक्षणिक वर्ष 2024-25 से यह लाभ राजकीय के साथ निजी विद्यालयों की छात्राओं को भी दिया जाएगा।

■ **मानव रहित विमानों पर शोध हेतु आईआईटी जोधपुर और आइडिया फोर्ज के मध्य एमओयू–**

24 अक्टूबर, 2025 को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर और भारत की अग्रणी मानवरहित हवाई प्रणाली (UAS) कंपनी, 'आइडिया फोर्ज टेक्नोलॉजी लिमिटेड' (Idea Forge Technologies Ltd.) ने एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह एमओयू तीन वर्ष के लिए प्रभावी रहेगा। इसका उद्देश्य मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) और उभरते डीप-टेक अनुप्रयोगों में स्वदेशी नवाचार को गति देना।

एमओयू के तहत दोनों संस्थान मिलकर यूएवी इंजनों, नई सामग्रियों, निर्माण तकनीकों, 5G एकीकरण, भू-मानचित्रण, वस्तु अनुक्रमण और क्षमता वृद्धि जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में अनुसंधान करेंगे।

उल्लेखनीय है कि आईआईटी जोधपुर के छात्र स्वदेशी मानवरहित हवाई वाहन प्रौद्योगिकी में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करने का लाभ प्राप्त करेंगे।

## Newspaper of 26 October, 2025

■ **गुलाब कोठारी को महर्षि वेदव्यास पुरस्कार–**

पत्रिका समूह के प्रधान संपादक गुलाब कोठारी को पुणे स्थित महर्षि वेदव्यास प्रतिष्ठान द्वारा प्रतिष्ठित महर्षि वेदव्यास पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें वैदिक शिक्षा, अध्ययन और अनुसंधान के क्षेत्र में उनके सुदीर्घ और विशिष्ट योगदान के लिए प्रदान किया जा रहा है। 1990 से अब तक कुल 29 विशिष्टजनों को यह सम्मान दिया जा चुका है। प्रतिष्ठान का यह पुरस्कार पाने वाले कोठारी राजस्थान के दूसरे व्यक्ति हैं। इससे पहले राजस्थान से प्रो. दयानंद भार्गव को यह पुरस्कार मिला था। उन्हें यह पुरस्कार गीता जयंती के अवसर पर 30 नवम्बर, 2025 को पुणे के निकट आलंदी स्थित वेद श्री तपोवन में आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा।

## Newspaper of 29 October, 2025

■ **'एनसीआईएसएम' रैंकिंग में राजस्थान आयुर्वेद संस्थान (डीम्ड टू बीज यूनिवर्सिटी) शीर्ष पर रहा–**

हाल ही में 'नेशनल कमीशन फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसीन' (NCISM) द्वारा जारी नवीनतम रैंकिंग में राजस्थान आयुर्वेद संस्थान (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) ने ग्रेड 'ए' श्रेणी में लगातार दूसरे वर्ष प्रथम स्थान प्राप्त किया है। राजस्थान आयुर्वेद संस्थान (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), जिसने शिक्षा की गुणवत्ता, रोगी सुरक्षा और अनुसंधान जैसे कठोर मानकों पर आधारित मूल्यांकन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह मूल्यांकन NCISM और क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (QCI) के संयुक्त प्रयासों से किया गया।

■ **राजस्थान में आयोजित होंगे खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025–**

24 नवम्बर से 5 दिसम्बर, 2025 के बीच खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (KIUG) के 5वें संस्करण का आयोजन राजस्थान के सात शहरों-जयपुर, अजमेर, उदयपुर, जोधपुर, बीकानेर, कोटा और भरतपुर में किया जाएगा। KIUG 2025 में 23 पदक विजेता खेल और एक प्रदर्शन खेल शामिल किया जाएगा।

पदक विजेता खेल में निम्न को शामिल किया गया है– तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, मुक्केबाजी, तलवारबाजी, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, मल्लखंब, रग्बी, निशानेबाजी, तैराकी, टेबल टेनिस, टेनिस, वॉलीबॉल, भारोत्तोलन, कुश्ती, योगासन, साइक्लिंग, बीच वॉलीबॉल, कैनोइंग और कयाकिंग।

**पहली बार शामिल खेल–**बीच वॉलीबॉल, कैनोइंग और कयाकिंग और साइकिलिंग।

**प्रदर्शन खेल :** खो-खो

## Newspaper of 30 October, 2025

■ **ऑपरेशन थार शक्ति-2025 का आयोजन किया था–**

अक्टूबर, 2025 में जैसलमेर जिले में भारत-पाक सीमा के पास लोंगेवाला बॉर्डर पर भारतीय सेना की एलीट यूनिट भैरव कमांडोज द्वारा 'ऑपरेशन थॉर शक्ति 2025' आयोजित किया गया। इस युद्धाभ्यास में भैरव कमांडोज के साथ-साथ इन्फैंट्री, आर्टिलरी और आर्मी एयर डिफेंस यूनिट्स ने भी

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

हिस्सा लिया। इस युद्धाभ्यास का उद्देश्य भविष्य के युद्ध में आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल की तैयारी करना है।

इस युद्धाभ्यास में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित टारगेटिंग सिस्टम, रोबोट डॉग, ड्रोन, Ator N1200 जैसे उन्नत वाहन, अत्याधुनिक टैंक और हेलीकॉप्टर शामिल थे, जिन्होंने भविष्य के युद्ध कौशल और गति-ताकत का अनोखा संगम दिखाया।

■ **न्यायाधीश अरुण मोंगा : राजस्थान हाईकोर्ट में स्थानांतरित–**

29 अक्टूबर, 2025 को दिल्ली हाईकोर्ट से राजस्थान हाईकोर्ट में स्थानान्तरित होकर आए न्यायाधीश अरुण मोंगा को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा ने राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायाधीश पद की शपथ दिलवाई। न्यायाधीश मोंगा मूलत: पंजाब, हरियाणा हाईकोर्ट से स्थानांतरित होकर राजस्थान हाईकोर्ट फिर दिल्ली हाईकोर्ट अब पुन: दिल्ली हाईकोर्ट से राजस्थान स्थानांतरित होकर आए हैं। इसके साथ ही राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या 40 हो गई है। (29 अक्टूबर, 2025 तक)

■ **जयपुर की निधि सक्सेना को 'न्यू वॉयसेज अवॉर्ड' मिला–**

अक्टूबर, 2025 में जयपुर की लेखिका-निर्देशक निधि सक्सेना की फिल्म 'सीक्रेट ऑव ए माउंटेन सर्पेन्ट' ने बैंकॉक इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल का प्रतिष्ठित 'न्यू वॉयस' अवॉर्ड जीता है। इस के तहत ट्रॉफी और 10 हजार यूएस डॉलर मिलेंगे।

**Newspaper of 31 October, 2025**

■ **प्रदेश में पहली बार हाइब्रिड एन्युटी मॉडल पर शुरू होंगी पाँच जलापूर्ति परियोजनाएँ–**

राजस्थान में जल जीवन मिशन को गति देने के लिए, प्रदेश में पहली बार हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (HAM) पर आधारित पीपीपी के तहत ₹ 18,879 करोड़ के व्यय से पाँच मेगा जलापूर्ति परियोजनाएँ शुरू की जाएँगी।

इस सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत, परियोजना की कुल लागत का 40% हिस्सा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा वहन किया जाएगा। शेष 60% का निवेश निजी ठेकेदार करेगा।

इनसे लगभग 5000 गाँवों में जल जीवन मिशन (JJM) के तहत 4.20 लाख घरेलू नल कनेक्शन देकर 20 लाख से अधिक लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।

**हाइब्रिड एन्युटी मॉडल वाली जलापूर्ति परियोजना–**

| जलापूर्ति परियोजना | जिले | लागत (₹ करोड़ में) | कवर क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| चंबल नदी जलापूर्ति परियोजना | करौली-सवाई माधोपुर | 3066.90 | 1426 गाँव |
| कालीतीर जलापूर्ति परियोजना | अलवर-भरतपुर | 4813.67 | 1237 गाँव |
| कालीतीर जलापूर्ति परियोजना | चंबल नदी से; धौलपुर-भरतपुर | 4813.67 | 1237 गाँव |
| जाखम बाँध जलापूर्ति परियोजना | चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, राजसमंद, उदयपुर | 4813.67<br>3266.18 | 1237 गाँव<br>1473 गाँव |
| इंदिरा गाँधी नहर परियोजना से जलापूर्ति परियोजना | सीकर-झुंझुनूँ | 7125.97 | सीकर-झुंझुनूं के बचे हुए गाँव |

■ **राजस्थान राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी को राजस्थान रत्न अवॉर्ड-2025–**

हाल ही में राजस्थान राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी को दुबई में आयोजित समारोह में 'राजस्थान रत्न अवॉर्ड-2025' से सम्मानित किया गया। उन्हें यह पुरस्कार राजस्थान बिजनेस एंड प्रोफेशनल ग्रुप (RBPG) दुबई एवं राजस्थान फाउंडेशन दुबई चैप्टर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित दिवाली उत्सव 2025 कार्यक्रम के दौरान दिया गया।

उन्हें यह सम्मान समाजसेवा, लोककल्याण तथा राजस्थान के समग्र विकास के प्रति उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है।

■ **राजसमंद-पाली-उदयपुर को नई रेल लाइन की मंजूरी मिली–**

हाल ही में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने राजस्थान के पर्यटन और विकास को गति देने के लिए मारवाड़ जंक्शन-देवगढ़ मदारिया (वाया टोडगढ़-रावली) के बीच 72 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन के फाइनल लोकेशन सर्वे (FLS) को मंजूरी दे दी है। इस कार्य के लिए ₹ 11.75 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। यह रेल लाइन राजसमंद, उदयपुर, पाली और आस-पास के क्षेत्रों को रेलवे नेटवर्क से जोड़ेगी। इसके साथ ही यह क्षेत्र अहमदाबाद और जयपुर के मध्य भी संपर्क स्थापित करेगा।

उल्लेखनीय है कि नई रेल लाइन के निर्माण से टोडगढ़ और देवगढ़ के ऐतिहासिक और पर्यटन स्थलों तक रेल मार्ग के माध्यम से सीधी वे सुगम पहुँच संभव होगी। □□□

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

# संजीव®


**50 वर्षों से आपका विश्वसनीय**


## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

## मनोहर सिंह कोटड़ा के मार्गदर्शन में तैयार श्रेष्ठ पुस्तकें


### ( 41 जिलों एवं 7 संभागों पर आधारित नवीनतम संस्करण )














## संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित प्रमुख पुस्तकें




























**संजीव प्रकाशन**

Join Our App

**संजीव Telegram चैनल, App एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री निःशुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।**

**संजीव प्रकाशन**

Join Our Telegram


प्रकाशक–संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com